प्रेस नोट

बैंक कर्मचारियों को दी 145000 की आर्थिक सहायता

कर्मचारी कल्याण कोष अंतर्गत किए स्वीकृत

विदिशा 19.10.2016

जिला सहकारी बैंक कर्मचारी कल्याण कोष कमेटी की बैठक आज दिनांक 19.10.2016 को बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित हुयी। बैठक में 4 कर्मचारियों को रूपये 1 लाख 45 हजार की राशि स्वीकृत की गई। बैठक की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा ने की। बैंक संचालक श्री भगवान सिंह धाकड़ एवं बैंक सी. ई. ओ. श्री विनय प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे।

कर्मचारी कल्याण कोष की संपन्न हुयी बैठक में बैंक कर्मचारी सर्वश्री अभयनारायण नगीना, लिपिक, शाखा कुरवाई को रू. 25000.00, गुलाबचंद्र अहिरवार, समिति प्रबंधक, शाखा शमशाबाद को रू. 40000.00, मुन्नालाल शर्मा भृत्य, प्रधान कार्यालय विदिशा को रू. 40000.00, सरदार सिंह यादव, भृत्य प्रधान कार्यालय विदिशा को रू. 40000.00, की आर्थिक सहायता स्वयं एवं पारिवारिक सदस्यों की बीमारी व दुघर्टना के उपचार हेतु स्वीकृत की गयी।

बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि, बैंक कर्मचारी कल्याण कोष कमेटी द्वारा बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की बैंक सेवा में रहते हुए मृत्यु, दुघर्टना अथवा स्वयं, परिवार के सदस्यों को बीमारी के उपचार हेतु इस कोष से आर्थिक सहायता बैंक प्रबंधन द्वारा निरंतर दी जा रही है एवं भविष्य में भी इसे जारी रखा जायेगा। बैंक प्रबंधन अपने कर्मचारियों के सुख–दुख के समय में हमेशा साथ खड़ा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

प्रति,

प्रतिनिधि / ब्यूरो चीफ
दैनिक ....
विदिशा